हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार, 16 अप्रैल, 2025

11 पंचायती राज विभाग की टीम ने जमीन से हटाया कब्जा...



12 फतेहाबाद सिविल टाइगर्स फाइनल में बनी चैंपियन



## खबर संक्षेप

### मंदिर के दान पात्र से हजारों की नकदी चोरी

**फतेहाबाद।** शहर के रविदास चौक पर स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर में सोमवार रात को चोरी हो गई। चोर मंदिर का स्टील का गेट तोडक़र अंदर घुसे। इसके बाद दान पात्र को तोड़कर उसमें रखी हजारों रुपए की नकदी चोरी कर ले गए। मंगलवार सुबह जब मंदिर में महिला श्रद्धालु व पुजारी आए, तो उन्हें चोरी की जानकारी मिली। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिसकर्मियों ने मौके पर पहुंच कर जायजा लिया।

### अधिकारी बोर्ड की मासिक बैठक 25 अप्रैल को

**फतेहाबाद।** प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं व जिला में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा तथा विभिन्न विभागों द्वारा भविष्य में करवाए जाने वाले विकास कार्यों की रूपरेखा तैयार करने के लिए उपायुक्त मनदीप कौर की अध्यक्षता में 25 अप्रैल को सुबह 10 बजे लघु सचिवालय के सभागार में बैठक आयोजित की जाएगी। नगराधीश गौरव गुप्ता ने बताया कि 25 अप्रैल को सुबह 10 बजे लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित बैठक में उपायुक्त विकास कार्यों की समीक्षा करेगी।

### दो युवकों पर बोला हमला मकान में की तोडफ़ोड़

**फतेहाबाद।** स्वामी नगर में रंजिश के चलते दो युवकों ने अपने साथियों के साथ मिलकर जहां एक मकान में घुसकर जमकर तोडफ़ोड़ की वहीं दो युवकों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। घायलों को उपचार के लिए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है।

### फायरिंग करने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**ओढां।** पुलिस फायरिंग करने व मारपीट करने के मामले में आरोपी नछतर सिंह व रमेश को गिरफ्तार किया है। ओढां थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि बेअंत सिंह पुत्र राजा सिंह निवासी घुकांवाली की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। शिकायत में बेअंत सिंह ने बताया कि बीी शनिवार रात वह अपने साथी पूर्ण सिंह के साथ ट्रेक्टर ट्राली लेकर अपने घर आ रहा था जब वे जिम घुकांवाली के पास पहुंचे तो रास्ते में नछत्तर सिंह ट्रेक्टर लिए रास्ते मे खड़ा था जब उन्होंने उसको ट्रैक्टर साइड में करने को कहा तो उसने अपना ट्रेक्टर उनके ट्रैक्टर के सामने खड़ा कर दिया।

### शेरपुरा में लाइब्रेरी भवन का भव्य उद्‌घाटन

**डिंग।** गांव शेरपुरा में डॉ. भीमराव अंबेडकर भवन स्थित नवनिर्मित लाइब्रेरी का उद्घाटन नाथूसरी चौपटा के चेयरमैन सूरज बूमरा ने किया। लाइब्रेरी के उद्घाटन के साथ ही बच्चों में लाइब्रेरी की सदस्यता को लेकर उत्साह देखा गया और कई विद्यार्थियों ने मौके पर ही अपनी सीटें आरक्षित करवाई। गांव में शिक्षा और जागरूकता की दिशा में यह लाइब्रेरी एक सशक्त कदम माना जा रहा है, जिससे युवाओं में ज्ञान और अध्ययन की रुचि बढ़ेगी।

### पत्नी की शिकायत पर पति के खिलाफ मामला दर्ज

**सिरसा।** महिला थाना सिरसा पुलिस ने गांव गुसाईआना निवासी भूप सिंह की विवाहिता पुत्री पूनम की शिकायत पर उसके पति सुनील के खिलाफ दहेज प्रताडऩा का मामला दर्ज किया है। पूनम ने अपनी शिकायत में बताया कि उसकी सुनील पुत्र सुभाष निवासी खैरेकां के साथ शादी 6 दिसंबर 2013 को हुई थी। विवाह में उसके परिवारजनों ने अपने सामथ्र्य से बढक़र दान दहेज दिया था। कुछ समय बाद ससुरालजनों ने दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। उसका पति उसके साथ मारपीट करने लगा।

## बरसात की भविष्यवाणी के बीच किसानों ने गेहूं कटाई का काम किया तेज

# आज रात से बदलेगा मौसम, मंडियों में खरीद शुरू लेकिन नहीं हो रहा उठान

### जिले में 3 लाख 95 हजार 629 एकड़ में गेहूं की बिजाई, भूना, रतिया बेल्ट में व्यापक स्तर पर चलने लगी कम्बाइनें

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** खेतों में गेहूं की कटाई करती कम्बाइन मशीन। *फोटो : हरिभूमि*

मौसम विभाग द्वारा प्रदेश में आज 16 अप्रैल से पश्चिमी विक्षोभ के कारण तेज हवाएं और बारिश की संभावना जताने के चलते किसानों के हल्क सूखने लगे हैं। असल में कल ही मण्डियों में गेहूं की खरीद शुरू हुई है और किसानों ने भी खरीद को देखकर गेहूं की कटाई का काम तेज कर दिया है। अब मौसम विभाग की भविष्यवाणी के बाद अब किसानों ने गेहूं कटाई का काम युद्धस्तर पर शुरू कर दिया है। जिला की भूना, रतिया बैल्ट में मंगलवार को व्यापक स्तर पर कम्बाइनें चलने लगी हैं। मौसम विभाग ने 16 अप्रैल की रात्रि को मौसम खराब होने की बात कही तो किसानों के पास दो दिन का समय बचा। किसानों को लगता है कि वह दो दिन में गेहूं कटाई कर फसल को सुरक्षित स्थान पर पहुंचा देंगे। इस बार फरवरी से ही एक सप्ताह बाद पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हो रहे हैं। मार्च मास में 5 से 6 बार पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हुआ तो बरसात व बादलवाई चलती रही, जिस कारण मार्च मास का महीना सामान्य से ठंडा रहा। यही वजह है कि पछेती गेहूं को कलाइमेट अनुकूल मिलने से वह पककर तैयार हो गई। अगेती गेहूं की फसल की कटाई का काम 5 दिन पहले ही शुरू हो गया था। बता दें कि इस बार जिले में जहां पर ओलावृष्टि हुई है, उन गांवों में गेहूं की फसल अच्छी पकी हुई है और इन क्षेत्रों में उत्पादन भी बढऩे के आसार है। तापमान में आई बढ़ोतरी से नुकसान कम है। अब किसानों का गेहूं पक चुका है और तेजी से कम्बाईनों से कटाई शुरू कर दी गई है। जिले में इस समय 3 लाख 95 हजार 629 एकड़ में गेहूं की बिजाई हुई है। मंगलवार को खरीद के दूसरे दिन हैफेड ने गेहूं की खरीद की। पहले दिन वेयर हाऊस ने गेहूं खरीदा था। अब तक कुल 57920 एमटी गेहूं की खरीद हो चुकी है। बड़ी बात यह है कि फतेहाबाद मण्डी में अभी तक गेहूं का उठान शुरू नहीं हुआ। व्यापार मंडल प्रधान जगदीश भादू का कहना है कि जब तक उठान शुरू नहीं होगा, तब तक आढ़ती व किसान उलझा रहेगा।

### जिले की मंडियों में अब तक 57,920 मीट्रिक टन गेहूं फसल की खरीद

जिला की विभिन्न अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों में अब तक 57820 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हुई है, जिसमें खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 9632 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 18569 मीट्रिक टन, हरियाणा वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन (एचडब्ल्यूसी) द्वारा 22053 मीट्रिक टन तथा एफसीआई द्वारा 7565 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। उपायुक्त मनदीप कौर ने किसानों से अपील की है कि वे अपनी गेहूं की फसल को सुखाकर तथा साफ करके ही मंडियों में लेकर आए ताकि खरीद एजेंसियों द्वारा गेहूं को सरकारी हिदायतोंनुसार मौके पर ही खरीदा जा सके। मंडियों तथा खरीद केंद्रों से गेहूं की फसल का उठान भी जारी है। अब तक अनाज मंडियों से 6970 मीट्रिक टन गेहूं का उठान किया जा चुका है। उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों व एजेंसी को निर्देश दिए कि वे अनाज मंडियों में खरीदी गई फसल का जल्द से जल्द उठान सुनिश्चित की जाए ताकि मंडियों में किसी तरह का जाम न लगने दें। सरकार द्वारा गेहूं की फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपये निर्धारित किया गया है।

### 10,5199 क्विंटल सरसों की खरीद

गेहूं के साथ-साथ मण्डियों में सरसों की आवक भी हो रही है। जिला की विभिन्न मंडियों व खरीद केंद्रों में अब तक 105199 क्विंटल सरसों फसल की आवक हुई है, जिसमें से फतेहाबाद अनाज मंडी में 13890 क्विंटल, भट्टू कलां में 53121 क्विंटल तथा भूना में 38188 क्विंटल शामिल है। इसके साथ ही जिला की मंडियों से 89680 क्विंटल सरसों फसल की खरीद की जा चुकी है जिसमें से फतेहाबाद अनाज मंडी में 7601 क्विंटल, भट्टू कलां में 50597 क्विंटल तथा भूना में 31482 क्विंटल शामिल है। अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों से सरसों फसल के उठान कार्य भी निरंतर किया जा रहा है। जिला में अब तक 66119 क्विंटल सरसों फसल का उठान हुआ है जिसमें से फतेहाबाद अनाज मंडी में 6289 क्विंटल, भट्टू कलां में 31137 क्विंटल तथा भूना में 28693 क्विंटल फसल का उठान हुआ है।

### आज से बदलेगा मौसम

एसएयू हिसार के मौसम विभाग के अध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ ने कहा कि 16 अप्रैल को प्रदेश में मौसम में फिर बदलाव की संभावना है। दक्षिणी पश्चिमी व उत्तरी हरियाणा में 16 अप्रैल की रात को तेज हवाएं चलने व बूंदाबांदी के आसार है। उसके बाद पश्चिमी हवाएं चलने से 17 से 19 अप्रैल तक तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है।




**सिरसा।** कार्यक्रम में भाग लेते प्रतिभागी। *फोटो : हरिभूमि*

## गांव चौटाला में विभिन्न राज्यों की दिखी झलक

- पीएमश्री स्कूल में भारत स्काउट्स व गाइड्स का राष्ट्रीय एकीकरण शिविर आयोजित
- फूड प्लाजा से लेकर फैशन शो तक लगे

हरिभूमि न्यूज ⏭डबवाली

उपमंडल के गांव चौटाला स्थित पीएमश्री सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भारत स्काउट्स व गाइड्स का राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में देश की विविध संस्कृतियों का अनूठा मिलन देखने को मिल रहा है। शिविर में फूड प्लाजा, फैशन शो और एग्जिबिशन का आयोजन किया गया। स्कूल के प्रिंसिपल राजेंद्र ने मंगलवार को बताया कि फूड प्लाजा में देश के विभिन्न राज्यों के व्यंजनों का स्वाद मिला। राजस्थान का दाल बाटी चूरमा और पंजाब का सरसों का साग विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। उत्तर भारत के छोले-भटूरे, दक्षिण भारत के डोसे और पूर्वोत्तर के अन्य स्वादिष्ट व्यंजनों का स्वाद चखकर देश की विविधता को भी प्रस्तुत किया।

### *भारतीय परिधानों की समृद्ध विरासत का प्रदर्शन*

*प्रतिभागियों ने रंग-बिरंगे लहंगे, साडिय़ों, कुर्ते और क्षेत्रीय पोशाक पहनकर दर्शकों का मन मोह लिया। स्कूल प्रिंसीपल राजेंद्र ने कार्यक्रम को भारतीय संस्कृति की विविधता को एक मंच पर प्रस्तुत करने का सफल प्रयास बताया। पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी संत कुमार बिश्रोई, जिला सेक्रेटरी सुखदेव सिंह ढिल्लो, डॉ. इंद्र सैन, उषा गुप्ता ने आए हुए अतिथियों के साथ कैंप की गतिविधियों पर चर्चा की। प्रदर्शनी में हस्तशिल्प, चित्रकला और स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी ने सभी को आकर्षित किया। अतिथियों ने सभी स्टॉल्स का अवलोकन भी किया और युवाओं के रचनात्मक कार्यों की प्रशंसा की। बीओसी डबवाली गुरदास सिंह ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि यह शिविर गांव के सरपंच सुभाष बिश्नोई, पूरी पंचायत व इलाका निवासियों के सहयोग से चल रहा है।*

### फैक्टरी के धुएं से खराब फसल का मांगा मुआवजा

**फतेहाबाद।** टोहाना उपमंडल के विभिन्न गांवों के किसानों ने गांव अकावली में चल रही एक फैक्ट्री पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मंगलवार को किसान बड़ी संख्या में एकत्रित होकर एसडीएम टोहाना कार्यालय पहुंचे और फैक्ट्री के खिलाफ कड़ा ज्ञापन सौंपा। किसानों का आरोप है कि अकावली गांव में स्थित फैक्ट्री से निकलने वाले धुएं और रसायनयुक्त पानी की वजह से उनकी गेहूं की फसल बर्बाद हो गई है। किसान नेता लाभ सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि फैक्ट्री द्वारा हाल ही में चिमनी को ऊंचा किया गया है, जिससे निकलने वाले जहरीले धुएं का असर अब खेतों तक पहुंच रहा है। इसके कारण लगभग 200 एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल पूरी तरह से खराब हो चुकी है।

## दो सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत

- गांव महमदपुरिया में एक और नाईवाला में दो युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

रानियां क्षेत्र में दो अलग-अलग हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई। पहले मामले में गांव नाईवाला निवासी साहिल के चाचा की लड़की की निजी पैलेस में शादी थी। साहिल राजस्थान के निनाण निवासी विजय के साथ शादी समारोह में शिरकत की वापस गाड़ी में अपने गांव नाईवाला जा रहा था। नौगजा पीर के समीप सामने से आ रही तेज रफ्तार गाड़ी ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गाडिय़ां पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इस हादसे में गाड़ी सवार साहिल व विजय को गंभीर चोटें आई। आसपास के लोगों ने दोनों को अस्पताल में पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान दोनों की मौत हो गई। हादसे की सूचना से खुशियों का माहौल कुछ ही समय में मातम में बदल गया। घटना की सूचना पाकर रानियां पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। दूसरे मामले में गांव महमदपुरिया निवासी विजय रात्रि को अपने बाइक पर रानियां से घर जा रहा था। बालासर रोड पर सामने से आ रही तेज रफ्तार गाड़ी ने उसके बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। गाड़ी सवार मौके से भाग गया।

## ठेकेदारों की मनमानी बर्दाश्त नहीं: ढाका

- ठेके में 95 कर्मचारियों की हुई बात, ठेकेदार ने 60 में से 10 से ज्यादा हटाए

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** गेट मीटिंग में भाग लेते नगरपरिषद कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

पोर्टल पर हाजिरी और कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने सहित अन्य मांगों को लेकर नगरपालिका कर्मचारी संघ फतेहाबाद इकाई द्वारा नगरपरिषद कार्यालय में गेट मीटिंग का आयोजन किया गया। गेट मीटिंग की अध्यक्षता इकाई प्रधान विजय ढाका ने की व संचालन सचिव ओमप्रकाश लोट ने किया। इस दौरान कर्मचारियों ने शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रोष जताया। गेट मीटिंग में संबोधित करते हुए इकाई प्रधान विजय ढाका व उप प्रधान नरेश राणा ने कहा कि फतेहाबाद शहर की आबादी लगातार बढ़ रही है। नगर परिषद की सीमा में नई कालोनियों को भी शामिल किया गया है। सरकार का नियमहै कि 400 की जनसंख्या पर एक सफाई कर्मचारी होना चाहिए लेकिन फतेहाबाद में सफाई कर्मचारियों की संख्या बहुत कम है। ऊपर से सार्वजनिक शौचालयों की सफाई का काम भी इन्हीं कर्मचारियों से लिया जाता है। उन्होंने कहा कि जनसंख्या के हिसाब से नए पद सृजित किए जाए तो शहर की साफ सफाई और बेहतर तरीके से हो सकती है। राज्य वरिष्ठ उपप्रधान रमेश तोशामड़ व ओम प्रकाश लोट ने बताया कि आज जिला फतेहाबाद की पांचों इकाईयों में गेट मीटिंग हुई लेकिन प्रशासन कोई बातचीत करने को लेकर तैयार नहीं है।

### कर्मचारी संघ एकजुट होकर विरोध करेगा

कर्मचारी नेताओं ने कहा कि ठेकेदार के खिलाफ काफी बार फतेहाबाद नगर परिषद में शिकायत दी गई कि एक ही ठेकेदार को दो-दो ठेके देकर निजी फायदा पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ठेकेदार की मनमानी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इसके खिलाफ कर्मचारी संघ एकजुट होकर विरोध करेगा। हाल ही में हुआ सफाई का ठेके में 95 कर्मचारी भर्ती की बात हुई थी लेकिन ठेकेदार ने 60 कर्मचारी लगाए जिसमें से 10 से ज्यादा कर्मचारी हटा दिए हैं। कम कर्मचारी होने के कारण उन कर्मचारियों को लगातार 10 घंटे काम लिया जा रहा है। कर्मचारियों को साप्ताहिक अवकाश तक नहीं दिया जा रहा। इसके अलावा कर्मचारियों को 2 से 3 महीने बाद वेतन दिया जा रहा है।

## जिले की मंडियों में 1,03,104 एमटी से अधिक गेहूं की आवक

- अनाज मंडियों में सफलों का खरीद कार्य जारी
- पानी, बिजली व शौचालय आदि सुविधाओं के सुचारू रूप से उपलब्ध करवाने के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

जिला की अनाज मंडियों में गेहूं और सरसों की खरीद का कार्य जारी है, अब तक एक लाख तीन हजार 104 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है। डीएफएससी मुकेश कुमार ने बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों व खरीद केंद्रों में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 12 हजार 953 हजार मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 66 हजार 189 मीट्रिक टन तथा हरियाणा राज्य भंडारण निगम द्वारा 23 हजार 962 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। उन्होंने बताया कि कालांवाली अनाजमंडी में 12,068 मीट्रिक टन, ऐलनाबाद अनाजमंडी में 9583 मीट्रिक टन, सिरसा अनाजमंडी में 8417 मीट्रिक टन, नाथूसरी चौपटा मंडी में 5441 मीट्रिक टन, डबवाली मंडी में 4631 मीट्रिक टन, बड़ागुढ़ा में 2712 मीट्रिक टन, बप्पां में 2,985 मीट्रिक टन, डिंग में 4,911 मीट्रिक टन, कुत्ताबढ में 2436 मीट्रिक टन और रानियां में 3180 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। साथ ही जिला की अन्य मंडियों में भी गेहूं व सरसों की खरीद भी जारी है। उन्होंने बताया कि जिला की सभी मंडियों में फसल खरीद के लिए पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

पानी, बिजली व शौचालय आदि सुविधाओं के सुचारू रूप से उपलब्ध करवाने के लिए सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

### 25,220 एमटी सरसों की खरीद

हैफेड के डीएम मांगेराम ने बताया कि पीएसएस स्कीम के तहत 25 हजार 220 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की जा चुकी है और 23 हजार 615 मीट्रिक टन की लिफ्टिंग हो चुकी है। वहीं स्टेट पर्चेज स्कीम के तहत सरसों की खरीद जारी है, अबतक 13 हजार 368 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की जा चुकी है और चार हजार 952 मीट्रिक टन सरसों का उठान हो चुका है।

### 19,529 मीट्रिक टन की लिफ्टिंग हो चुकी

वहीं हरियाणा राज्य भंडारण निगम के डीएम हरीश शर्मा ने बताया कि जिले में पीएसएस स्कीम के तहत अबतक 21 हजार 525 मीट्रिक टन सरसों की खरीद हो चुकी है और 19 हजार 529 मीट्रिक टन की लिफ्टिंग हो चुकी है। इसके अलावा नॉन पीएसएस स्कीम के तहत अबतक चार हजार 442 मीट्रिक टन सरसों की खरीद हो चुकी है।

## इंटर कॉलेज कंपीटिशन में नेशनल कॉलेज द्वितीय

- ऐसी उपलब्धि संस्थान की शैक्षिक गुणवत्ता और विद्यार्थियों की प्रतिभा दूसरों के लिए प्रेरणास्त्रोत : प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

शाह सतनाम जी गर्ल्स कॉलेज में आयोजित इंटर कॉलेज कंपीटिशन में नेशनल कॉलेज सिरसा की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। अंग्रेजी विषय पर आधारित इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रीती, लक्षिता तथा अंशिका की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. हरजिंदर सिंह ने विजेता टीम को बधाई देते हुए कहा कि ऐसी उपलब्धि संस्थान की शैक्षिक गुणवत्ता और विद्यार्थियों की प्रतिभा दूसरों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इस मौके पर अंगेजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. सत्यपॉल बिश्नोई, प्राध्यापिका नीरू बाला, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. मीत एवं डॉ. अशोक कुमार ने भी विजेताओं को शुभकामनाएं दी।




**सिरसा।** विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते। *फोटो : हरिभूमि*

## यात्रा की तैयारी को लेकर एडीसी ने ली बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

# फतेहाबाद में 25 को प्रवेश करेगी साइक्लोथॉन

- यात्रा 26 अप्रैल को दरियापुर होते हुए सिरसा में प्रवेश करेगी
- यात्रा के दौरान किसी प्रकार की कोई कमी न रहे : एडीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

हरियाणा को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा 5 अप्रैल को हिसार जिला से शुरू की गई साइक्लोथॉन 2.0 यात्रा 25 अप्रैल को फतेहाबाद पहुंचेगी। इस यात्रा को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया ने मंगलवार को अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एडीसी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि साइक्लोथॉन 2.0 के जिला में प्रवेश करने पर जिला प्रशासन, जिलावासियों, सामाजिक संगठनों द्वारा भव्य स्वागत एवं उत्साहवर्धन किया जाए। यह यात्रा 25 अप्रैल को जिला में प्रवास करने पश्चात अगले दिन 26 अप्रैल को फतेहाबाद से जिला सिरसा के लिए प्रस्थान करेगी। उन्होंने साइक्लोथॉन को लेकर अधिकारियों को अलग-अलग कार्य के लिए निर्देश दिए हैं कि यात्रा के दौरान किसी प्रकार की कोई कमी न रहे इसके लिए सभी अधिकारी समय रहते सभी तैयारियां पूरी कर लें। साइकिल यात्रा का रूट पर आने वाले गांवों में भव्य स्वागत किया जाए और साइकिल यात्रा में संबंधित गांवों में अधिक से अधिक युवाओं को शामिल किया जाए। उन्होंने बताया कि साइक्लोथॉन 25 अप्रैल को फतेहाबाद के खंड भूना में प्रवेश करेगी तत्पश्चात जांडली खुर्द, झलनिया होते हुए फतेहाबाद पहुंचेगी और 26 अप्रैल को दरियापुर होते हुए सिरसा जिला में प्रवेश करेगी।



**फतेहाबाद।** साइक्लोथॉन 2.0 की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को निर्देश देते एडीसी। *फोटो : हरिभूमि*

### ये रहे मौजूद

बैठक में एसडीएम राजेश कुमार, नगराधीश गौरव गुप्ता, उप पुलिस अधीक्षक हरि सिंह, डीडीपीओ अनूप सिंह, जिला राजस्व अधिकारी श्यामलाल, सूचना एवं जन संपर्क विभाग के उपनिदेशक अमित पंवार, जिला खेल अधिकारी विष्णुदत्त सहित संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



# 18 को रिलीज होगी 'केसरी : चैप्टर 2'

**मुंबई।** 'केसरीः चैप्टर 2' 18 अप्रैल 2025 को रिलीज हो रही है। फिल्म में अक्षय कुमार और आर माधवन के अलावा अनन्या पांडे भी हैं। ये फिल्म वकील शंकरन नायर के परपोते रघु पलात और उनकी पत्नी पुष्पा की लिखी किताब द केस दैट शुक द एम्पायर पर आधारित है। फिल्म जलियांवाला बाग हत्याकांड के बाद की कहानी पर आधारित है। दिल्ली में स्पेशल स्क्रीनिंग में नेताओं ने फिल्म की तारीफ की। साल 2019 में खिलाड़ी अक्षय कुमार ने केसरी फिल्म से धुआं उड़ा दिया था। अब 5 साल के बाद वह फिर से इसका सीक्वल लेकर लौट रहे हैं।



लाइफ Style

# प्रियंका

## हॉलीवुड कॉमेडी फिल्म का बनीं हिस्सा

अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा का नाम एक और हॉलीवुड फिल्म से जुड़ गया है। वह निकोलस स्टोलर की आगामी कॉमेडी प्रोजेक्ट में 'बेवॉच'के को-स्टार जैक एफ्रॉन के साथ फिर से जुड़ रही हैं। आगामी फिल्म में माइकल पेना और विल फेरेल भी हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हॉलीवुड रिपोर्टर के अनुसार, फिल्म में रेजिना हॉल, जिमी टैट्रो और बिली आइचनर भी हैं। निकोलस अपनी खुद की स्क्रिप्ट से फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। इस प्रोजेक्ट के साथ, वह अपनी हालिया फीचर फिल्म 'यू आर कॉर्डियली इनवाइटेड' में सहयोग करने वाले स्टूडियो के साथ फिर से जुड़ रहे हैं। आगामी कॉमेडी फिल्म में प्रियंका चोपड़ा और माइकल की भूमिकाओं को लेकर कोई जानकारी अभी सामने नहीं आई है। फिल्म से जुड़े विवरण अभी भी गुप्त रखे गए हैं। वहीं, प्रियंका ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर कास्टिंग अनाउंसमेंट की एक झलक शेयर करके इस प्रोजेक्ट में अपनी भागीदारी की पुष्टि भी की, जिसने फैंस के उत्साह को बढ़ा दिया है। प्रियंका चोपड़ा के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह निर्देशक एसएस राजामौली के साथ अपनी अगली फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। उन्होंने हाल ही में ओडिशा के कोरापुट में शूटिंग शेड्यूल पूरा किया है। इस फिल्म में महेश बाबू भी हैं। राजामौली के पिता, लेखक विजयेंद्र प्रसाद ने 'एसएसएमबी 29' की कहानी लिखी है और कहा जाता है कि यह इंडियाना जोन्स की तरह ही एक एक्शन-एडवेंचर है। इसके अलावा प्रियंका के पास इदरीस एल्बा और जॉन सीना के साथ 'हेड्स ऑफ स्टेट' है। वह 'द ब्लफ' में में भी नजर आएंगी।

हॉलीवुड मसाला



# टीवी सीरीज के कलाकारों की घोषणा

**लॉस एंजिल्स।** हैरी पॉटर की जादुई दुनिया को लेकर प्रशंसकों में हमेशा से ही उत्साह रहा है। हैरी पॉटर की टीवी सीरीज में कौन से कलाकार किसका रोल निभाएंगे, इस बात का खुलासा कर दिया गया है। हैरी पॉटर की सीरीज में अल्बस डंबलडोर के रोल में जॉन लिथगो नजर आएंगे। वहीं, मिनर्वा मैकगोनागल के रोल में जेनेट मैकटीर और सेलेरस स्नेप के रोल में पापा एस्सीडू नजर आएंगे। वहीं, रुबस हैग्रिड का खास रोल निक प्रॉस्ट निभाएंगे। इन सभी के अलावा ल्यूक थैलोन क्विरिनस क्विरेल के किरदार में नजर आएंगे।





# कैटी ने अंतरिक्ष में गाया खूबसूरत गाना

**लॉस एंजिल्स।** कैटी पेरी अपनी 5 सदस्यीय महिला दल के साथ अंतरिक्ष की यात्रा कर लौट आई हैं। कुल 11 मिनट की यात्रा के दौरान वह चार मिनट अंतरिक्ष में रहीं। इस दौरान उन्होंने वहां एक खूबसूरत गाना भी गाया। धरती पर लौटते ही कैटी ने जमीन को चूमा, कहा कि यह मां बनने के बाद उनकी जिंदगी का दूसरा सबसे इमोशनल पल है। कैटी ने खुलासा किया कि उन्होंने उड़ान के दौरान 'व्हाट ए वंडरफुल वर्ल्ड' गाना भी गाया। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि इस अनुभव ने मुझे यह दिखाया है कि आप अपने अंदर भरे प्यार को कभी नहीं जान सकते, जैसे कि आपको कितना प्यार देना है और आपसे कितना प्यार किया जाता है।' कैटी पेरी ने उड़ान भरने के दौरान अपने साथ एक डेजी का फूल भी रखा था। यह उनकी बेटी डेजी के लिए था।



# रेखा-साधना को देखकर सीखा डांस...

**मुंबई।** रवीना टंडन 90 के दशक में एक्टिंग के अलावा फिल्मों में अपने डांस को लेकर भी चर्चा में रहती थीं, अब बेटी राशा थडानी से उनकी राह पर चल रही हैं। अपनी डेब्यू फिल्म में राशा थडानी ने एक डांस नंबर 'ऊई अम्मा' भी किया था, इस गाने में उनके डांस को काफी पसंद किया गया। हाल ही में राशा ने बताया कि कैसे वह पहली ही फिल्म में इतना अच्छा डांस कर पाईं। साथ ही इस काम में मां रवीना टंडन ने कैसे उनकी मदद की? राशा थडानी ने हाल ही में बीबीसी एशियन नेटवर्क से की गई बातचीत में बताया कि मां रवीना टंडन ने डांस सीखने में काफी मदद की। राशा कहती हैं, 'मां ने मुझे रेखा, साधना जैसी एक्ट्रेस की पुरानी डांस वीडियो देखने को कहा। साथ ही सरोज खान जी की डांस ट्रेनिंग को भी देखने की सलाह दी।



# देसी अंदाज देखने पहुंच रहे दर्शक

**मुंबई।** सनी का देसी अंदाज और फिल्म की जोरदार कहानी दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींच रही है। 'जाट' ने वीकेंड के बाद भी अपनी पकड़ बनाए रखी। अगर, यह रफ्तार बनी रही तो यह फिल्म जल्द ही अपनी लागत पार कर सकती है। सनी देओल की 'जाट' दर्शकों के दिलों पर राज कर रही है। हालांकि, सोमवार को फिल्म के कलेक्शन में गिरावट दर्ज की गई। पांचवें दिन फिल्म ने सात करोड़ 50 लाख रुपए की शानदार कमाई की, जिसके साथ इसका कुल कलेक्शन अब 47.75 करोड़ रुपए हो गया है। वहीं, अजित कुमार की 'गुड बैड अग्ली' ने सोमवार को बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया। पांचवें दिन फिल्म ने 15 करोड़ रुपए जुटाए, जिसके बाद इसका कुल कलेक्शन 101.3 करोड़ रुपए हो गया है। एक्शन के साथ फिल्म की कहानी लोगों को पसंद आ रही है।

टीवी मसाला



# छोटे पर्दे पर भी तमन्ना ने खूब कमाया नाम

**मुंबई।** तमन्ना भाटिया इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'ओडेला 2' को लेकर चर्चा में हैं। तमन्ना फिल्म में शिव भक्त बनी हैं और लोगों की मदद करती हैं। तमन्ना भाटिया ने साउथ की फिल्मों में काम करने के अलावा हिंदी फिल्मों जैसे 'बबली बाउंसर', 'एंटरटेनमेंट', 'हिम्मतवाला' और 'वेदा' में काम किया है। तमन्ना ने फिल्मों के अलावा कई टीवी सीरीज में काम किया है।

***जी करदा :*** जी करदा भारतीय हिंदी ड्रामा है। इसे अरुणिमा शर्मा ने निर्देशित किया था। यह 2023 में प्राइम वीडियो के लिए बनाया गया था। तमन्ना भाटिया ने इसमें अहम रोल निभाया था। इसके लिए उन्हें 2023 में बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला था।

***आखिरी सच :*** आखिरी सच हिंदी भाषा में रिलीज होने वाली टीवी सीरीज है। इसका निर्देशन रब्बी ग्रेवाल ने किया था। सीरीज के लीड रोल में तमन्ना भाटिया थीं। वह इस सीरीज में पुलिस अफसर बनी थीं। यह सीरीज बुराड़ी मर्डर पर बनी थी। इसे डिज्नी हॉटस्टार पर जारी किया गया था। इसमें अदाकारी करने के लिए भी तमन्ना भाटिया को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का अवॉर्ड मिला।

***नवंबर स्टोरी :*** नवंबर स्टोरी तमिल भाषा की टीवी सीरीज है। इस क्राइम थ्रिलर का निर्देशन इंदिरा सुब्रमण्यन ने किया है। इसके लीड रोल में तमन्ना भाटिया हैं। यह सीरीज डिज्नी हॉटस्टार पर 20 मई 2021 को रिलीज हुई थी। इसे स्ट्रीमिंग ब्लॉकबस्टर घोषित किया गया।

***मास्टर शेफ इंडिया- तेलुगू सीजन 1 :*** मास्टर शेफ इंडिया तेलुगु भाषा का टीवी शो है। इसके पहले 6 एपिसोड को तमन्ना भाटिया ने होस्ट किया। यह 27 अगस्त 2021 से 27 नवंबर 2021 तक जेमिनी टीवी पर प्रसारित किया गया।

***11 हॉवर :*** '11 हावर' तेलुगू भाषा की क्राइम थ्रिलर टेलीविजन सीरीज है। इस क्राइम थ्रिलर सीरीज का निर्देशन प्रवीण सत्तारू ने किया। इसमें तमन्ना भाटिया लीड रोल में थीं।

***सपने सुहाने लड़कपन के :*** 'सपने सुहाने लड़कपन के' एक टेलीविजन शो है। यह मई 2012 से जनवरी 2015 तक जी टीवी पर प्रसारित हुआ। इस शो के होली वाले एपिसोड में तमन्ना भाटिया नजर आईं थीं।

# एसीपी आयुष्मान ने आते ही प्रद्युमन की मौत पर कसा तंज

**नई दिल्ली।** टीवी के पॉपुलर सीरियल सीआईडी 2 में लंबे समय से शो का हिस्सा रहे एसीपी प्रद्युमन का किरदार खत्म हो गया है। शो में एसीपी प्रद्युमन के किरदार में दिख रहे शिवाजी साटम का रोल खत्म होने के बाद अब पार्थ समथान ने एसीपी आयुष्मान बनकर शो में एंट्री की है। लेकिन, आयुष्मान की एंट्री के बाद से ही उनकी सीआईडी की पुरानी टीम के साथ टशन दिख रहा है। एसीपी प्रद्युमन के बेहद खास रहे अभिजीत और दया उनकी मौत के सदमे से उबर नहीं पा रहे हैं, लेकिन एसीपी आयुष्मान उन्हें अपने इमोशन पर काबू रख काम पर ध्यान देने की नसीहत देता है, जिसका बाद उसकी टीम से अनबन हो जाती है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन द्वारा जारी एक हालिया वीडियो में, आयुष्मान अपने तीखे बयान से अपनी उपस्थिति दर्ज कराते नजर आते हैं।



सीआईडी 2 के प्रोमो में एसीपी आयुष्मान के रोल में दिख रहे एक्टर पार्थ समथान अभिजीत और दया से कहते हैं, कब तक एसीपी प्रद्युमन की मौत पर आंसू बहाओगे। अपने दर्द, इमोशन और आंसू की पोटली बनाकर इसे ऑफिस के बाहर लटका कर आया करो। सीन में देखा गया कि अभिजीत और दया गुस्से से आयुष्मान को घूरते नजर आते है। इसके साथ शो के दौरान भी दया और अभिजीत की आयुष्मान के साथ बहस होती है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन द्वारा जारी एक हालिया वीडियो में, आयुष्मान अपने तीखे बयान से अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। वो कहते हैं, 'मुझे केवल परिणाम प्रभावित करते हैं। दया तुरंत उन्हें आश्वस्त करते हैं।

# इन मुस्लिम अभिनेत्रियों ने हिंदू नाम रखकर कमाई खूब शोहरत

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में कई ऐसी अभिनेत्रियां हुईं, जिन्होंने अपनी अदाकारी और खूबसूरती से लोगों को दीवाना बना दिया। उनके अभिनय की लोग आज भी सराहना करते हैं। हम बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों को बारे में जानेंगे, जिनके नाम को सुनकर लगता है कि वो हिंदू है, लेकिन हकीकत में वह मुस्लिम हैं। इन सभी ने अपना नाम बदलकर इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाई और खूब नाम कमाया।



**तब्बू :** अभिनेत्री तब्बू ने बॉलीवुड ने अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उनकी खूबसूरती और एक्टिंग के लाखों दीवाने हैं। उन्होंने कई हिट और सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। अभिनेत्री का असली नाम तबस्सुम फातिमा है।




**रीना रॉय :** 80 के दशक की अभिनेत्री रीना रॉय ने अपनी अदाकारी से बहुतों को प्रभावित किया है। उन्होंने कई हिट फिल्में दी हैं। अभिनेत्री ने का असली नाम सायरा अली है।



**मीना कुमारी :** हिंदी सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री मीना कुमारी का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। 'ट्रेजडी क्वीन'के नाम से मशहूर अभिनेत्री को भारत की सबसे लोकप्रिय और प्रतिष्ठित अभिनेत्रियों में से एक माना जाता हैं। उनकी अदाकारी और खूबसूरती का आज भी लोग तारीफ करते हैं। अभिनेत्री का असली नाम मीना कुमारी नहीं, बल्कि 'महजबीं बानो' था। अपने 33 साल के कॅरियर में उन्होंने 90 से ज्यादा फिल्में की हैं।



**मधुबाला :** मधुबाला के अभिनय कौशल और सुंदरता की प्रशंसा करते हुए आज भी लोग नहीं थकते। उन्होंने भारतीय सिनेमा में अतुलनीय योगदान दिया है। वह अपने दौर की सबसे लोकप्रिय और सबसे ज्यादा फीस लेने वाली अभिनेत्रियों में से एक हैं। मधुबाला का असली नाम मुमताज जहां बेगम देहलवी था। हालांकि, लंबे समय तक उनके प्रशंसक उन्हें नाम की वजह से हिंदू ही समझते रहे हैं।



**मान्यता दत्त :** संजय दत्त की पत्नी मान्यता दत्त का नाम भी इस सूची में शामिल है। संजय दत्त से शादी करने से पहले वह फिल्मों में काम कर चुकी हैं। मान्यता का असली नाम दिलनवाज शेख है।

## हसरत जयपुरी की कलम से निकले सदाबहार गाने आज भी हैं प्रासंगिक

# 11 रुपए की सैलरी पर बस कंडक्टर के रूप में शुरू किया काम

*नई दिल्ली। हसरत जयपुरी हिंदी सिनेमा के उन गीतकारों में से एक हैं, जिनकी लेखनी ने न केवल गीतों को अमर किया, बल्कि लाखों दिलों को भी छुआ। उनकी शायरी और गीतों में प्यार, दर्द, और जिंदगी के रंग इतनी खूबसूरती से उभरकर सामने आए कि वे आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उस समय हुआ करते थे।*

**इकबाल हुसैन था असली नाम :** हसरत जयपुरी का जन्म 15 अप्रैल 1922 को राजस्थान के जयपुर में हुआ था। उनका असली नाम इकबाल हुसैन था, लेकिन शायरी की दुनिया में उन्होंने 'हसरत जयपुरी' के नाम को अपनी पहचान बनाया। उनके पिता, नाजिम हुसैन सेना में कार्यरत थे, जबकि उनकी मां फिरदौसी बेगम एक गृहिणी थीं, जिन्हें शायरी से गहरा लगाव था। मां की यह रुचि हसरत को विरासत में मिली। आगे चलकर इसी चीज ने उनके जीवन को एक नई दिशा दी।

**20 साल की उम्र में लिखनी शुरू कीं कविताएं :** हसरत ने प्रारंभिक शिक्षा जयपुर में ही प्राप्त की। उन्हें असली तालीम उनके नाना फिदा हुसैन 'फिदा' से मिली, जो एक मशहूर शायर थे। नाना से हसरत ने उर्दू और फारसी की बारीकियां सीखीं, जिसने उनकी शायरी को गहराई दी। बीस साल की उम्र तक हसरत ने कविताएं लिखना शुरू कर दिया था। उनकी रचनाओं में प्रेम और जिंदगी के प्रति एक अनूठा दृष्टिकोण झलकता था।



**शायरी में प्रेम की मासूमियत झलकती थी :** हसरत जयपुरी का कॅरियर एक साधारण बस कंडक्टर के रूप में शुरू हुआ। 1940 में रोजगार की तलाश में वह जयपुर से मुंबई आ गए। यहां उन्हें बेस्ट बस में कंडक्टर की नौकरी मिली, जिसके लिए उन्हें मात्र 11 रुपए मासिक वेतन मिलता था। दिनभर बस में काम करने के बाद रात में वह मुशायरों में अपनी शायरी सुनाया करते थे। उनकी शायरी में जिंदगी का दर्द और प्रेम की मासूमियत इतनी खूबसूरती से झलकती थी कि लोग मंत्रमुग्ध हो जाते थे।

**इन फिल्मों के लिए लिखे सुपरहिट गाने :** बरसात की सफलता के बाद हसरत जयपुरी, राज कपूर, और शंकर-जयकिशन की तिकड़ी ने हिंदी सिनेमा को कई कालजयी गीत दिए। हसरत ने राज कपूर की फिल्मों जैसे आवारा, श्री 420, जिस देश में गंगा बहती है, संगम, और मेरा नाम जोकर के लिए यादगार गीत लिखे। 1966 और 1972 में उन्हें सर्वश्रेष्ठ गीतकार के लिए फिल्मफेयर पुरस्कार भी मिला। उनकी खासियत थी कि वह साधारण शब्दों में गहरी बातें कह जाते थे। उनकी लेखनी में प्रेम, देशभक्ति, और सामाजिक मुद्दों का सुंदर समावेश होता था।

**राज कपूर के साथ खूब जमी जोड़ी :** एक मुशायरे में उनकी मुलाकात अभिनेता पृथ्वीराज कपूर से हुई, जो उनकी शायरी से बेहद प्रभावित हुए। पृथ्वीराज ने अपने बेटे राज कपूर, को हसरत से मिलने की सलाह दी। उस समय राज कपूर अपनी फिल्म बरसात (1949) की तैयारी कर रहे थे। हसरत ने इस फिल्म के लिए अपना पहला गीत 'जिया बेकरार है, छाई बहार है' लिखा, जिसे शंकर-जयकिशन ने संगीतबद्ध किया। यह गीत सुपरहिट हुआ, और इसके साथ ही हसरत जयपुरी का नाम हिंदी सिनेमा में गूंजने लगा।

### प्रेमिका के लिए लिखी लाइन हुई खूब मशहूर

हसरत जयपुरी का निजी जीवन भी उनकी शायरी की तरह रंगों से भरा और भावनात्मक था। बीस साल की उम्र में उन्हें अपने पड़ोस की एक हिंदू लड़की, राधा से प्रेम हो गया था। इस प्रेम ने उनकी लेखनी को और निखारा। हसरत ने एक साक्षात्कार में कहा था, 'प्रेम का कोई धर्म नहीं होता।' उन्होंने राधा के लिए एक कविता लिखी थी, 'ये मेरा प्रेम पत्र पढ़ कर, के तुम नाराज़ न होना,' जो बाद में फिल्म संगम (1964) का हिस्सा बनी और देशभर में मशहूर हुई। हसरत जयपुरी की निजी जिंदगी की बात करें तो शादी के बाद उनकी पत्नी ने एक बेटे का जन्म दिया। बेटे के जन्म पर उन्होंने जो पंक्तियां लिखीं वो थीं, 'तेरी प्यारी-प्यारी सूरत को किसी की नजर न लगे,' यह लाइनें भी फिल्म ससुराल (1961) का हिस्सा बनीं।

## खबर संक्षेप

### निर्माणाधीन मकान में चोरी का आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** टोहाना पुलिस ने प्रेम नगर में निर्माणाधीन मकान से हजारों का सामान चोरी करने के मामले में कार्यवाही करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान रोहित पुत्र देसराज निवासी रामनगर टोहाना के रूप में हुई है। थाना शहर टोहाना प्रभारी इंस्पैक्टर प्रहलाद सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 10 दिसंबर 2024 को वार्ड नं. 7, टोहाना निवासी विकास सिंगला ने कहा है कि वह प्रेम नगर टोहाना में मकान बना रहा है। उसके मकान से अज्ञात चोर बिजली की तारें, पानी की मोटर, सरिया सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए हैं। इस पर उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया और जांच अधिकारी ने आरोपी बारे अहम सुराग जुटाते हुए उसे कमल चौक, रतिया रोड टोहाना के पास से गिरफ्तार कर उससे पूछताछ शुरू कर दी है।

### डॉ. पूनम ढिल्लो बनी महिला जिलाध्यक्ष

**फतेहाबाद।** न्याय दिलाओ लोकतंत्र बचाओ भारत संगठन ने डॉ. पूनम ढिल्लों को फतेहाबाद जिला महिला अध्यक्षा की महत्वपूर्ण जिम्मेवारी सौंपी है। संगठन के राष्ट्रीय महासचिव नवीन मुढाई ने बताया कि डॉ. पूनम ढिल्लों का मनोनयन राष्ट्रीय अध्यक्ष कमल हांडा की निर्देशानुसार किया गया है। जिला महिला अध्यक्षा को फतेहाबाद जिला के अंतर्गत आने वाली तीनों विधानसभाओं क्रमशः फतेहाबाद, रतिया व टोहाना में संगठन की महिला विधानसभा व कार्यकारिणियों का गठन करने का दायित्व सौंपा है। न्याय दिलाओ लोकतंत्र बचाओ फतेहाबाद की जिला महिला अध्यक्षा डॉ. पूनम ढिल्लों की नियुक्ति का ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष साहिबदयाल वधवा, हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष औम प्रकाश चुघ, जसवीर सिंह, सूबे सिंह सैनी, सर्व समाज पुनिया खाप के प्रवक्ता संदीप पुनिया, सतीश सैनी, नरेंद्र चावला, साहिल आहूजा, राजेंद्र गिरधर आदि ने स्वागत किया और संगठन के लिए अच्छा कार्य करने की शुभकामनाएं दी।

### झगड़े की आशंका को देखते हुए भारी पुलिस बल किया गया था तैनात

# पंचायती राज विभाग की टीम ने जमीन से हटाया कब्जा, लोगों ने किया विरोध

- कब्जा हटाओ कार्रवाई के दौरान पूरी तरह से शांति व्यवस्था बनी रही : कुलदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रतिया




रतिया। जेसीबी की सहायता से कब्जा हटाते हुए तथा कब्जा हटाओ कार्रवाई के दौरान विरोध करते हुए ग्रामीण व उनको समझते हुए पुलिस कर्मचारी।

पंचायती राज विभाग की एक टीम ने आज रतिया उप मंडल के गांव एमपी सोतर में एक व्यक्ति द्वारा पंचायत की लाखों रुपए की जमीन पर किए गए कब्जे को जेसीबी की सहायता से हटवा दिया। कब्जा हटाओ कार्रवाई के दौरान लड़ाई झगड़े की आशंका को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल भी नियुक्त किया गया था। कब्जा हटाओ करवाई के दौरान उप मंडल अधिकारी पंचायती राज कुलदीप सिंह को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया था जबकि कार्रवाई के दौरान कनिष्ठ अभियंता सुशील बिश्नोई, ग्राम पंचायत के सरपंच , ग्राम सचिव जॉर्ज सिंह पुलिस कर्मचारी व नंबरदार भी मौके पर मौजूद रहे।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत एमपी सोतर द्वारा गांव में खसरा नंबर 284 व 286 की जमीन पर आंगनबाड़ी बनने का प्रस्ताव मंजूर किया गया था। इसको देखते हुए ग्राम पंचायत ने आंगनबाड़ी निर्माण के लिए करीबन 12 लाख रुपए की लागत से टेंडर भी लगा दिया था लेकिन इस जमीन पर गांव के एक व्यक्ति द्वारा अपना घरेलू सामान व ईंट इत्यादि रखकर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया था।

इस कारण आंगनबाड़ी का निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा था। इसको देखते हुए ग्राम पंचायत के सरपंच व अन्य लोगों ने एसडीएम को शिकायत देकर कब्जा हटवाने की मांग की गई थी, जिसके बाद एसडीएम द्वारा कब्जा हटाने के निर्देश भी दिए गए। एसडीएम ने कब्जा हटाओ कार्रवाई के लिए पंचायती राज विभाग के उप मंडल अधिकारी कुलदीप सिंह को ड्यूटी मजिस्ट्रेट भी नियुक्त कर दिया था।

ड्यूटी मजिस्ट्रेट ने कब्जा हटाओ कार्रवाई के दौरान लड़ाई झगड़े की आशंका को देखते हुए पुलिस सहायता की मांग की थी। इसको देखते हुए भूना थाना पुलिस को सहायता उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए गए। आज ड्यूटी मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह के नेतृत्व में पंचायती राज विभाग की टीम मौके पर पहुंची जिसमें कनिष्ठ अभियंता सुशील बिश्नोई, ग्राम सचिव जॉर्ज दीप सिंह, सरपंच व अन्य अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और भारी संख्या में पुलिस बल भी मौके पर मौजूद था।

जब टीम कब्जा हटाने के लिए मौके पर पहुंची तो कब्जा धारकों ने टीम का विरोध करना शुरू कर दिया। टीम के साथ विवाद भी हुआ। कब्जा धारकों ने टीम के समक्ष कुछ दस्तावेज दिखाते हुए कहा कि उनके पास कोर्ट का स्टे है इसलिए कब्जा हटाओ कार्रवाई रोक दी जाए लेकिन ड्यूटी मजिस्ट्रेट द्वारा जब दस्तावेज चेक किए गए तो उसमें कहीं स्टे का कोई जिक्र नहीं था। इसके बाद टीम द्वारा कब्जा हटाओ कार्रवाई शुरू कर दी गई और जेसीबी की सहायता से कब्जा हटाकर ग्राम पंचायत के हवाले कर दिया गया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह ने बताया कि आज ग्राम पंचायत एमपी सोतर में कब्जा हटाओ कार्रवाई की गई और कब्जा हटाओ कार्रवाई के दौरान पूरी तरह से शांति व्यवस्था बनी रही किसी प्रकार का कोई विरोध नहीं हुआ।



सिरसा। पांडुलिपि विशेषज्ञ विद्यार्थियों को पांडुलिपियां के बारे में बताते हुए।

# सांस्कृतिक विरासत की अमूल्य धरोहर हैं पांडुलिपियां: डॉ. राकेश

- पांडुलिपियां हमारी सांस्कृतिक विरासत की अमूल्य धरोहर भी
- कार्यक्रम में मुख्य वक्ता पांडुलिपि विशेषज्ञ एवं संस्कृतविद के रूप में डॉ. राकेश कुमार मौजूद रहे
- श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय के प्रधान एडवोकेट सुरेंद्र बंसल ने डॉ. राकेश कुमार का आभार व्यक्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सिरसा

श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय में पांडुलिपि प्राचीन लिपियों का उद्भव, विकास एवं लिपि परंपरा का सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पांडुलिपि विशेषज्ञ एवं संस्कृतविद डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि पांडुलिपियां न केवल भारत की प्राचीन बौद्धिक परंपरा की प्रतीक हैं, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक विरासत की अमूल्य धरोहर भी हैं। उन्होंने कहा कि वैदिक काल से लेकर मध्यकाल तक अनेक प्रकार की लिपियां विकसित हुई, जिनमें ब्राह्मी, शारदा, नागरी, कूटलिपियां प्रमुख हैं। उन्होंने इन लिपियों के उद्भव, क्षेत्रीय विस्तार और उनके उपयोग की विधियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने यह भी बताया कि आज के डिजिटल युग में पांडुलिपियों का संरक्षण एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, लेकिन यदि हम इन प्राचीन ग्रंथों का डिजिटलीकरण एवं गहन अध्ययन करें तो यह न केवल हमारी संस्कृति को संजोने का कार्य होगा, बल्कि विश्व पटल पर भारत की ज्ञान परंपरा को पुनः स्थापित करने में भी सहायक सिद्ध होगा।

**ये रहे मौजूद:** इस अवसर पर सुरेंद्र बंसल, बजरंग पारीक, सुरेश वत्स, केके शर्मा, महेश भारती, गणेश शंकर, विक्रम, गौतम तथा पुष्पा आचार्य मौजूद थे। श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय के प्रधान एडवोकेट सुरेंद्र बंसल ने डॉ. राकेश कुमार का आभार व्यक्त किया।

अधिकारियों को गेहूं खरीद व उठान के पुख्ता इंतजामों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

# एसडीएम ने रतिया अनाज मंडी व खरीद केंद्रों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रतिया



रतिया। गेहूं खरीद कार्य का निरीक्षण करते एसडीएम।

उपमंडलाधीश सुरेश कुमार ने मंगलवार को अनाज मंडी रतिया व खरीद केंद्रों का दौरा कर गेहूं खरीद प्रक्रिया से संबंधित कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अनाज मंडी रतिया, ब्राह्मणवाला, भूदंड़वास, बाड़ा गावों का दौरा कर अधिकारियों को गेहूं खरीद व उठान के पुख्ता इंतजामों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने किसानों से बातचीत की और सभी खरीद एजेंसियों को निर्देश दिए कि मंडियों से खरीदे गए गेहूं को शीघ्र उठाने की व्यवस्था की जाए, ताकि किसानों को अपनी फसल बेचने में कोई असुविधा न हो और मंडी में जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। एसडीएम सुरेश कुमार ने कहा कि मंडियों में साफ-सफाई, पीने के पानी, नापतोल, बिजली आदि जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं लगातार बनी रहनी चाहिए। उन्होंने मार्केट कमेटी के अधिकारियों से कहा कि किसानों को मंडी में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। सरकार के निर्देशानुसार किसानों को निर्धारित समय सीमा के भीतर खरीदी गई फसल का भुगतान किया जाए। अनाज मंडी व खरीद केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल, बिजली व शौचालयों की व्यवस्था उचित होनी चाहिए।

# बागेश्वर धाम परिवार ने निकाली सनातन हिन्दू एकता पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। फतेहाबाद



फतेहाबाद। सनातन हिन्दू एकता पदयात्रा को रवाना करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

बागेश्वर धाम परिवार की ओर से मंगलवार को शहर में सनातन हिन्दू एकता पदयात्रा निकाली गई। यह यात्रा रघुनाथ मंदिर से काजला धाम, हिसार तक निकाली गई। यात्रा का नेतृत्व बागेश्वर सरकार धीरेंद्र शास्त्री के शिष्य बने शहर के 16 साल के राघव मेहता उर्फ राघवेंद्र दास ने किया। यात्रा को प्रमुख समाजसेवी विनोद तायल ने बतौर मुख्यातिथि पहुंचकर रवाना किया। इस दौरान भंडारे वाले बाबा पंडित चरणजीत शर्मा, स्वामी गुरु मान सिंह जांडवाला सोतर, खैरातीखेड़ा तोतापुरी डेरा के महंत व श्री रघुनाथ मंदिर प्रधान टेक चंद मिड्ढा आदि विशेष तौर पर मौजूद रहे। मंच संचालन राजकुमार मदान ने किया। पंडित आलोक मित्रा ने पूजन कराया। आयोजक मनोज मेहता ने बताया कि इस पदयात्रा का उद्देश्य गौ माता की रक्षा और उन्हें भारत की राष्ट्र माता घोषित करवाना है। साथ ही सनातन हिन्दू परंपरा और संस्कृति की रक्षा का संकल्प दिलाया गया।

# फतेहाबाद में दो सड़क हादसे, बाइक सवार चार घायल, अस्पताल में भर्ती

- पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शूरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶। फतेहाबाद।

फतेहाबाद क्षेत्र में हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में बाईक सवार 4 युवक घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। शहर फतेहाबाद पुलिस ने दोनों मामलों में केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में जींद के गांव लोधर हाल डीएसपी रोड, रविदास धर्मशाला रोड, फतेहाबाद निवासी चमन ने कहा है कि वह डीएसपी रोड स्थित दिगम्बर फाइनेंस कम्पनी में पिछले डेढ़ साल से काम करता है। गत दिवस शाम को वह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर गया था। जब वह खैरातीखेड़ा गांव से भोड़िया की तरफ आ रहा था तो रास्ते में सामने से आ रही एक कार के चालक ने कार को लापरवाही व तेजगति से चलाया और उसके मोटरसाइकिल में टक्कर दे मारी। हादसे में वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया जबकि कार चालक मौके से फरार हो गया। बाद में उसे उपार के लिए फतेहाबाद के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां से उसे अग्रोहा रेफर कर दिया गया। वहां से चिकित्सकों ने उसे रोहतक रेफर कर दिया। इस मामले में पुलिस ने गाड़ी के अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरे मामले में पुलिस को दी शिकायत में सिरसा के गांव कोटली निवासी संदीप ने कहा है कि गत दिवस वह अपने भाई रवि व दोस्त साहिल के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी काम से फतेहाबाद आए थे। जब वह वापस जा रहे थे तो फतेहाबाद में सिरसा रोड पर जिओ पेट्रोल पम्प के पास सामने से आ रही इको गाड़ी ने उनके मोटरसाइकिल में टक्कर दे मारी जिससे वह तीनों घायल हो गए।

### मोटरसाइकिल सवार हेरोइन सहित काबू

**सिरसा।** एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम ने गश्त के दौरान सदर थाना क्षेत्र के गांव फरमाई कलां से मोटरसाइकिल सवार एक युवक को 6 ग्राम 70 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान बलवीर सिंह निवासी पीरांवाली जिला हिसार के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि एंटी नारकोटिक सेल सिरसा की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान गांव फरवांई कलां क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस पार्टी को सामने से बाइक सवार एक नौजवान युवक आता हुआ दिखाई दिया। उक्त बाइक सवार युवक सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक घबरा गया।

# पेंशन रोकने के प्रयासों के खिलाफ सैंकड़ों रिटायर्ड कर्मचारी 22 को डीसी कार्यालय पर करेंगे प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। फतेहाबाद

- डीसी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा

आठवें केंद्रीय पे कमीशन लागू होने से पहले केन्द्र सरकार द्वारा पेंशन रोकने के प्रयासों के खिलाफ जिलेभर के सैंकड़ों रिटायर्ड 22 अप्रैल को फतेहाबाद में डीसी कार्यालय में रोष प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शन के बाद डीसी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। यह जानकारी देते हुए रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला प्रधान भोला सिंह व जिला सचिव बेगराज ने कहा कि भाजपा सरकार ने पेंशनर्स को बांटने के लिए योजनाबद्ध तरीके से लोकसभा के बजट सत्र में गुपचुप तरीके से वित्त बिल में उक्त संशोधन करवाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा नीत एनडीए गठबंधन सरकार ने अधिकतर श्रम कानून को खत्म कर दिया है और पूंजी पत्तियों के हकों के लिए चार लेबर कोड बना दिए गए हैं। इनको अब सभी राज्य सरकारों में लागू करने का प्रयास किया जा रहा है। यह लेबर कोड लागू होने के बाद यूनियन बनाने का अधिकार, हड़ताल का अधिकार, प्रदर्शन करने आदि का अधिकार समाप्त हो जाएगा तथा हड़ताल पर करने पर कारावास एवं भारी जुर्माना लगाने का प्रावधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आउटसोर्स ठेका कर्मियों को रेगुलर करने का सरकार का कोई इरादा नहीं है। महंगाई, बेरोजगारी, भुखमरी लगातार बढ़ रही है। सरकारी विभागों को मजबूत करने की बजाय सिकोड़ा जा रहा है। रिटायर्ड कर्मचारी संघ के उप प्रधान लाभ सिंह, अजीत शास्त्री, रघुनाथ मेहता, धर्मपाल यादव, हरपाल सिंह, मनोहर लाल, रामदास, गुरप्रीत सिंह, राजकुमार हडोली इत्यादि ने कहा कि रिटायर्ड कर्मचारी संघ यूनिफाइड पेंशन योजना को वापस लेकर पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग करता है।

### आदर्श स्कूल, दरियापुर में जागरुकता सेमिनार, नए कानूनों की दी जानकारी

- बीएनएस में कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए, जो नागरिकों और अधिकारों की रक्षा के लिए आवश्यक हैं : मंजू सिंह

**फतेहाबाद।** पुलिस विभाग द्वारा आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल, दरियापुर में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में इंस्पेक्टर मंजू सिंह ने छात्रों को नए कानूनों के बारे में जानकारी दी, जो आईपीसी से बीएनएस में बदले गए हैं। उन्होंने छात्रों को बताया कि बीएनएस में कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं, जो नागरिकों और अधिकारों की रक्षा के लिए आवश्यक हैं। इंस्पेक्टर मंजू सिंह ने लड़कियों को उनके अधिकारों और कानूनों के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे लड़कियां अपने अधिकारों का उपयोग कर सकती हैं और अपने भविष्य को बेहतर बना सकती हैं। उन्होंने छात्रों को बताया कि कैसे वे साइबर अपराधों से बच सकते हैं और ट्रैफिक नियमों का पालन करके अपनी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं।

# भाजपा ने सदैव धर्म और जाति के नाम पर जनता को किया गुमराह: सैलजा

- न महिलाओं को सम्मान, न बरोजगारों को मिला रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सिरसा



सिरसा। ब्रह्माकुमारी संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेती सांसद सैलजा।

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा ने सदैव जनता को धर्म, जाति के नाम पर गुमराह किया है और झूठे वायदे कर सत्ता हासिल की है पर आज भाजपा सरकार जनता से किए गए वायदों से मुकर रही है, न महिलाओं को लक्ष्मी योजना के तहत कोई सम्मान मिला है, युवाओं को रोजगार देने के नाम पर पहले से ही लगे एचकेआरएन के तहत लगे युवाओं से नौकरी छीनी जा रही है, मंहगाई सातवें आसमान है, बेरोजगारी के चलते प्रदेश में नशे का धंधा और अपराध बढ़ रहे हैं, विकास के नाम पर केवल घोषणाएं ही है, धरातल पर कुछ भी नहीं है, आज जनता भाजपा को सत्ता सौंपकर स्वयं को ठगा सा महसूस कर रही है। मंगलवार को आनंद सरोवर में पहुंचने पर संचालिका राजयोगिनी बीके बिंदू ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर सांसद के साथ डॉ. वाईके चौधरी, वीरभान मेहता, राजेश चाडीवाल, कृष्णा फोगाट, कर्ण चावला आदि मौजूद थे। सैलजा ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्थान समाज को एक नई दिशा दे रहा है उसके संदेश एक ओर जहां व्यक्तिव विकास में सहायक है वही मानवता के लिए अहम हैं। केवल दस मिनट राजयोग करने से, चिंतन और मनन करने से आत्मा शुद्ध हो जाती है। यह संस्था जो भी रास्ता बताती है वह मनुष्य को आत्म कल्याण और जनकल्याण की ओर ले जाता है।

### छोटी मछलियों को पकडने से नहीं खत्म होगा नशा

सांसद कुमारी सैलजा ने गांव कालांवाली में एक कार्यक्रम में कहा कि प्रदेश में बढ़ रहे नशे पर कहा कि छोटी मछलियों को पकडने से नशा खत्म नहीं होगा। सरकार ने सामाजिक संस्थाओं को दी जाने वाली राशि पर भी जीएसटी लगा दिया है। इस मौके पर सांसद कुमारी सैलजा व विधायक शीशपाल केहरवाला को सभा द्वारा यादगार चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

**कार्यक्रम** पीलीमंदौरी में डॉ. अम्बेडकर जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम व भूथन में सेमिनार आयोजित

# आज महापुरूषों के विचारों को पढ़ने, समझने और ग्रहण करने की जरूरत : शाहनवाज

- कार्यक्रम की अध्यक्षता बारूराम व सचिन लीलड़ ने की

हरिभूमि न्यूज ▶▶। फतेहाबाद



फतेहाबाद। गांवों में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेते ग्रामीण व वक्तागण। फोटो : हरिभूमि

गांव पीलीमंदौरी में नौजवान सभा, मुंशी प्रेमचंद पुस्तकालय कमेटी व अम्बेडकर सभा की ओर से डॉ. बीआर अंबेडकर जयंती के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम एव्र गांव भूथनकलां में सेमिनार का आयोजन किया गया। पीलीमंदौरी आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम की अध्यक्षता बारूराम व सचिन लीलड़ ने की। मुख्यअतिथि के तौर पर सरपंच धर्मवीर गोरछिया तथा मुख्य वक्ता के तौर पर एसएस पंवार व शाहनवाज एडवोकेट ने ग्रामीणों को संबोधित किया। गांव भूथन कलां में आयोजित सेमिनार की अध्यक्षता सुरेंद्र मायल व विकास ने की। संचालन पवन भूथन ने किया। मुख्य वक्ता संदीप महिया, विनोद कक्कड़ व योगेंद्र भूथन ने संबोधित किया। कार्यकम को संबोधित करते हुए एसएस पंवार व शाहनवाज एडवोकेट ने कहा कि नव उदारीकरण की चमक धमक के दौर में युवा पीढ़ी देश पर मर मिटने वाले पुरोधाओं की विरासत से एकदम अनजान है। आज का युवा ऐसे महापुरूषों की बड़ी-बड़ी प्रतिमाएं बनवाकर पूजा तो करता है परंतु उनको विचारों को पढने, समझने और ग्रहण करने का वक्त उसके पास नहीं है। उन्होंने कहा कि आज दुःख होता है कि जब भगतसिंह और अंबेडकर की टीशर्ट पहने किसी युवा को नशे में धुत्त पड़े देखते हैं अथवा धर्म और जाति के नाम पर हुडदंग करते हुए पाते हैं। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी बड़े पैमाने पर सैक्स, हिंसा और नशे की दलदल में धंसती जा रही है। स्मार्ट फोन में घुसे रहने का आभासी वैभव अथवा वैध-अवैध तरीके से विदेश में जाकर रातों-रात मालामाल होने का सपना कितने युवाओं व परिवारों की बर्बादी का कारण बनता जा रहा है। संदीप महिला, विनोद कक्कड़ व योगेन्द्र भूथन ने कहा कि आज हमें अपने महानायकों की पूजा करने की नहीं, उनसे दोस्ती करने की जरूरत है। उन्हें जानने और समझने की जरूरत है। उनके दिखाये रास्ते पर चलने की जरूरत है और उन जैसा बनने के लिए कोशिश करने की जरूरत है। इस अवसर पर इन्द्राज बारूपाल, महेन्द्र मोहरिया, केसराराम, सीताराम कटारिया, महादेव पीलीमंदौरी, अशोक लिलड़, राजाराम बारूपाल सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# फतेहाबाद सिविल टाइगर्स फाइनल में बड़ोपल को हराकर बनी चैंपियन

## डॉ. राकेश कस्वां मेन ऑफ दा सीरीज, सलीम को बेस्ट बैट्समैन का अवार्ड

जिला स्तरीय हेल्थ प्रीमियर लीग 'एचपीएल' क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

स्वास्थ्य कर्मियों को फिट रखने के उद्देश्य से शुरू की गई जिला स्तरीय हेल्थ प्रीमियर लीग 'एचपीएल' क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला फतेहाबाद सिविल टाइगर्स बनाम बड़ोपल सुपर किंग्स के बीच खेला गया। इस शानदार मुकाबले में फतेहाबाद ने 55 रनों से जीत दर्ज कर एचपीएल की चैम्पियन बनी। समापन समारोह में विजिलेंस के डीएसपी जुगल किशोर पूनिया ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया वहीं दलीप गोदारा पूर्व कप्तान जिला पटौदी टीम विशेष तौर पर मौजूद रहे। समापन समारोह में पारितोषिक वितरण करते हुए डीएसपी जुगलकिशोर ने कहा कि खेलों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। स्वास्थ्य कर्मचारी अक्सर दूसरों का ध्यान रखते हुए अपने आप को फिट नहीं रख पाते। ऐसे में इन कर्मचारियों के लिए इस प्रकार की प्रतियोगिता का आयोजन एक सराहनीय पहल है। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मचरियों से नियमित तौर पर खेलों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की। दलीप गोदारा पूर्व कप्तान जिला पटौदी टीम ने कहा कि सभी विभागों में अधिकारी अगर इस तरह की पहल करें तो कर्मचारी तनावमुक्त होकर कार्य करेंगे और इससे उनकी कार्य की गुणवत्ता में भी वृद्धि होगी वहीं आम लोगों को वह बेहतर सेवाएं दे पाएंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मेजर डॉ. शरद तुली व डॉ. राकेश कसवां ने सभी सहयोगियों का आभार जताया। इस टूर्नामेंट में बड़ोपल के बल्लेबाज सलीम को बेस्ट बैट्समैन, बड़ोपल के बॉलर सुरेंद्र को बेस्ट बोलिंग अवार्ड से सम्मानित किया गया वहीं वहीं डॉ. राकेश कस्वां को मेन ऑफ दा सीरीज चुना गया। इस मैच में गोविंद भट्ट व विजय गोस्वामी को बेस्ट वॉलियंटर का अवॉर्ड दिया गया।



फतेहाबाद। एचपीएल की विजेता टीम को सम्मानित करते अतिथिगण।

### यह रहा खिलाड़ियों का प्रदर्शन

हैल्थ प्रीमियर लीग में फतेहाबाद जीएच, सीएचसी बड़ोपल, सीएचसी भुना व सीएचसी भट्टू ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला फतेहाबाद सिविल टाइगर्स व बड़ोपल सुपर किंग्स के मध्य खेला गया। इसमें फतेहाबाद में पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 15 ओवर में 133 रन बनाए। इसमें डॉ. राकेश कस्वां 41, रमेश ढाका 32, संजीव कुंडू 18, हर्ष कंबोज ने 11 रन का योगदान दिया। बड़ोपल टीम की ओर से सुरेंद्र कुमार ने 2.4 ओवरों में मात्र 13 रन देकर 5 विकेट हासिल की। जीत के लक्ष्य का पीछा करते हुए बड़ोपल टीम 9.5 ओवरों में 78 रन पर आल आऊट हो गई। बड़ोपल की तरफ से सलीम 21 रन, संदीप फौजी 15 रन, भगत भोड़ा 10 रन बना पाए। फतेहाबाद की ओर से रमेश ढाका ने मात्र 1.5 ओवरों में 13 रन देकर 5 विकेट लिए। इसके अलावा डॉ. राकेश कस्वां ने 3 ओवर में 15 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। इस मैच में रमेश ढाका को मैन ऑफ दा मैच चुना गया। इस मैच में प्रदीप भुना, कुलदीप भट्टू ने अंपायरिंग की। इससे पूर्व अंतिम लीग भट्टू स्ट्राइकर व भुना रॉयल चैलेंजर्स के मध्य खेला गया। इसमें निर्धारित 15 ओवर में भट्टू ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 127 रन 4 विकेट के नुकसान पर बनाए, जिसके जवाब में भुना रॉयल चैलेंजर्स 9 विकेट गंवाकर 114 रन ही बना सकी। भट्टू की ओर से कुलदीप ने 47, रोहित जाखड़ ने 24, प्रदीप ने 21, मेजर शरद ने 12 रन बनाए। भट्टू के गेंदबाज महेशी ने 3 ओवर में 20 रन देकर 4 विकेट हासिल किए और मैन ऑफ दी मैच रहे।


सिरसा। शिविर में रक्तदान करते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

# कॉलेज में लगाया शिविर 50 यूनिट रक्त एकत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

■ राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ एवं शिवशक्ति ब्लड सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजन

राजकीय नेशनल महाविद्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ एवं शिवशक्ति ब्लड सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया जिसमें 50 से अधिक यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। महाविद्यालय के एनएसएस प्रभारी डॉ. जीतराम शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यातिथि डॉ. वेद बैनीवाल शामिल हुए। उन्होंने उपस्थित सभी विद्यार्थियों को रक्तदान के विभिन्न स्तर पर होने वाले लाभ और इस सेवा के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को समय-समय पर रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. वेद बैनीवाल ने उपस्थितजनों को शिवशक्ति ब्लड बैंक की कार्यप्रणाली और सेवा के क्षेत्र में उसके विभिन्न आयामों एवं योगदान के बारे में अवगत करवाते हुए शिव शक्ति ब्लड बैंक में भ्रमण करने के लिए भी आमंत्रित किया। शिविर में न केवल विद्यार्थियों ने बल्कि महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों ने भी बढ़ चढक़र रक्तदान किया। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. कृष्ण गोपाल ने इस मौके पर अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में रक्तदाताओं के लिए दूध की व्यवस्था की। साथ ही प्राचार्य डॉ. हरजिंद्र सिंह एवं डॉ मंजू कंबोज ने क्रमशः 1100-1100 रुपए का सहयोग रक्तदाताओं के लिए दिया। शिवशक्ति ब्लड बैंक से आए डॉ. आर एम अरोड़ा एवं मेडम सुनैना ने शिविर का सफल संचालन किया। रक्तदान के उपरांत शिवशक्ति ब्लड बैंक द्वारा सभी रक्तदाताओं को गोल्ड मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर डॉ. इंदिरा जाखड़, डॉ. बलदेव सिंह, डॉ. विवेक गोयल, प्रोफेसर राकेश, प्रोफेसर दिनेश मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### शोरूम के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी

**सिरसा।** शहर के सांगवान चौक पर स्थित एक शोरूम के बाहर से चोर मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में गांव कोटली निवासी संजय कुमार ने बताया कि वह सांगवान चौक स्थित रेड टेप शोरूम पर काम करता है। उसने बताया कि बीती 13 अप्रेल की सुबह वह शोरूम पर आया था। बाइक बाहर खड़ी कर वह काम पर लग गया। शाम को घर जाने के लिए बाइक संभाली तो गायब मिली।

### महिला एवं बाल विकास विभाग में होगी भर्ती

**सिरसा।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोक्सो अधिनियम 2012 के तहत यौन अपराध से पीड़ित 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए कोर्ट, अस्पताल, थाना आदि में सहयोग के लिए अस्थायी आधार पर 8 सहायक व्यक्तियों (स्पोर्टपर्सन) की भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसमें 6 पद महिला और 2 पद पुरुषों के लिए आरक्षित हैं। आरक्षित श्रेणियों में सामान्य, ईडब्ल्यूएस, बीसीए, एससी व पीएचडब्ल्यू, ईएसएम सामान्य वर्ग शामिल हैं।

### अकांवाली में ट्यूबवेल से हजारों की केबल चोरी

**फतेहाबाद।** गत दिवस चोरों ने गांव अकांवाली में एक खेत से हजारों रुपये की केबल चोरी कर ली। गांव अकांवाली निवासी ओमप्रकाश ने बताया उसकी गांव थेड़ी में जमीन है। वहां ट्यूबवेल लगा हुआ है। गत दिवस शाम को वह खेत में काम करके घर आ गया था। अगले दिन सुबह जब वह खेत में गया तो देखा कि रात को चोर खेत से करीब 300 फुट ट्यूबवेल की केबल चोरी कर ले गए हैं। इस

### सोशल मीडिया पर हथियार सहित फोटो डाला, केस

**फतेहाबाद।** भट्टूकलां पुलिस ने एक युवक के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। युवक ने अपनी इंस्टाग्राम आईडी पर अवैध हथियार के साथ फोटो पोस्ट किया गया था। पीएसआई जगतपाल के नेतृत्व में टीम को सूचना मिली कि सोनू निवासी भट्टूकलां ने इंस्टाग्राम आईडी पर अवैध हथियार के साथ लोगों में डर का माहौल पैदा करने के लिए फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर डाली हुई है। इस पर पुलिस ने इंस्टाग्राम अकाउंट को चैक किया। इसके बाद युवक पर मामला दर्ज कर लिया गया।

### शादी में गए व्यक्ति की बाइक चोरी

**फतेहाबाद।** जिले के शहर टोहाना में वाहन चोरी की घटनाएं लगातार जारी है। गत दिवस भी चोरों ने शहर से एक मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में चण्डीगढ़ रोड, कुंए वाली गली, टोहाना निवासी ज्ञान चन्द ने कहा है कि गत दिवस वह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर शादी समारोह में भाग लेने जैन समाधि रोड स्थित मोदी धर्मशाला में गया था। उसने अपने मोटश्रसाइकिल को धर्मशाला के बाहर खड़ा किया और अंदर चला गया। कुछ देर बाद वापस बाहर आया तो बाइक नहीं मिली।

# छात्रा लक्षित सोनी को सम्मानित किया

■ नृत्य में विशेष उपलब्धि पर पहले भी कई मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

लॉयस क्लब सिरसा अमर के संस्थापक अध्यक्ष रमेश साहुवाला ने क्लब द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान-समारोह में कहा कि जीवन में उत्साह होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि नृत्य कला से जहां हम अपने स्वास्थ्य को ठीक रख सकते हैं वहीं इसके उत्कृष्ट प्रदर्शन से समाज में हमारा नाम भी रोशन होता है।

इसके माध्यम से हम परमात्मा को भी प्राप्त कर सकते हैं। साहुवाला ने कहा कि हमें अपने बारे में आत्म चर्चा का अभ्यास करना चाहिए तथा अपना तर्कसंगत मूल्यांकन करना चाहिए तभी हमें जीवन में सफलता मिल सकती है। उन्होंने कहा कि हमें अच्छी पुस्तकें और विशेष लेख पढन्ना चाहिए तथा ध्यान व योग करना चाहिए। इस कार्यक्रम में एवी इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा लक्षित सोनी की नृत्य में विशेष उपलब्धि पर उन्हें आशीर्वाद दिया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उल्लेखनीय है कि छात्रा लक्षित सोनी अन्य राज्यों के अनेक कार्यकर्मों में भी विशेष पुरस्कार प्राप्त कर चुकी हैं।


सिरसा। छात्रा लक्षित सोनी को सम्मानित करते हुए रमेश साहुवाला।

## जेल में फ्री लीगल एड के लिए अभियान चलाया

**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा स्थानीय जिला जेल में फ्री लीगल एड के लिए मिशन मोड़ अभियान चलाया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि इस अभियान के तहत सभी सजायाफ्ता कैदियों से माननीय सर्वोच्च न्यायालय में अपील दायर करने के लिए निःशुल्क कानूनी सहायता के लिए वकील उपलब्ध करवाने हेतू आवेदन मांगे गए। इन आवेदनों को आगे की प्रक्रिया के लिए माननीय सर्वोच्च न्यायालय कानूनी सेवा प्राधिकरण को भेजा गया। यह मुहिम पूरे देश में सभी जिलों के फ्री लीगल एड इकाइयों द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों में चलाई जा रही है। इसका उद्देश्य सुनिश्चित करना है कि कोई सजायाफ्ता कैदी अधिकारों के तहत सर्वोच्च न्यायालय में अपील दायर करने से वंचित न रह जाए।

# हरविंद्र सिंह ने जीता गोल्ड मेडल

■ चौथी खेलों मास्टर्स नेशनल गेम्स में दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

नई दिल्ली में आयोजित हुए चौथी खेलों मास्टर्स नेशनल गेम्स 2025 में पंजाब नेशनल बैंक शाखा बणी में कार्यरत हरविंद्र सिंह ने हॉकी में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। यह प्रतियोगिता बीती 11 से 13 अप्रेल तक दिल्ली में आयोजित की गई थी। फिट इंडिया मास्टर और खेलो मास्टर्स गेम्स फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में देशभर से खिलाडिय़ों ने भाग लिया। हरविंद्र सिंह ने 40+आयु वर्ग में शानदार खेल का प्रदर्शन कर अपने राज्य का नाम रोशन किया। खेलो मास्टर्स की इस प्रतियोगिता में हरविंद्र को उनकी उपलब्धि के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। हरविंद्र सिंह की इस उपलब्धि पर पीएनबी यूनियन के सदस्य रमेश गक्खड़ व अवतार सिंह, सर्किल हेड राजीव गर्ग, शाखा प्रबंधक प्रदीप भादू ने शुभकामनाएं दी हैं। हरविंद्र सिंह ने कहा कि आज के युवाओं को खेलों की तरफ ध्यान देना चाहिए क्योंकि खेल प्रतिभा के बलबूते अलग पहचान कायम की जा सकती हैं।



सिरसा। विजेता हरविंद्र सिंह को गोल्ड मेडल प्रदान करते आयोजक।

# भूना से व्यक्ति लापता, महिला पर परेशान करने का आरोप

■ लापता व्यक्ति की पत्नी ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई

**फतेहाबाद।** भूना से एक व्यक्ति के लापता होने का समाचार है। लापता व्यक्ति की पत्नी ने एक विधवा महिला पर उसके पति को जाल में फंसाकर परेशान करने का आरोप लगाया है। इस मामले में भूना पुलिस ने केस दर्ज कर आगामी कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में भूना निवासी महिला ने कहा है कि एक विधवा महिला काफी समय से उसके पति के पीछे पड़ी हुई है और पूरी तरह से उसके पति को अपने जाल में फंसा रखा है। वह उसके पति को अपने साथ शादी करने के लिए मजबूर कर रही है। महिला ने कहा कि उनके 5 बच्चे है, लेकिन उक्त महिला उसका घर उजाडऩे पर तुली हुई है और उसके पति को धमकियां भी देती है। महिला ने कहा कि गत दिवस उसका पति उक्त महिला के घर पर ही था। रात को महिला ने उसे फोन कर कहा कि वह अपने पति को अपने पास वापस बुला ले। इसके बाद से उसके पति ईश्वर का कहीं कुछ पता नहीं चला है। महिला ने कहा कि उसका पति धमकियां के कारण उसका पति मानसिक रूप से काफी परेशान रहने लगा था। इस पर महिला ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में भूना पुलिस ने केस दर्ज कर लापता व्यक्ति की तलाश शुरू कर दी है।

# बीए के विद्यार्थियों को दी विदाई पार्टी

■ सीएमके नेशनल कॉलेज के कला विभाग में कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के कला विभाग के विद्यार्थियों ने बीए अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई दी जिसमें विद्यार्थियों के अलावा स्कूल स्टाफ ने भाग लिया। प्राचार्या डॉ. रंजना ग्रोवर व गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. अनु कथूरिया ने कहा कि शिक्षण के साथ साथ व्यवाहारिक रचनात्मक ज्ञान प्राप्त करना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने से हम रचनात्मक गतिविधियों से सीधें जुड़ते हैं, इससे हमारे मानसिक विकास के साथ व्यवाहारिक रचनात्मक कार्यों में भागीदारी बढ़ती है। विद्यार्थियों के लिए अनुशासन, सयंम सबसे महत्वपूर्ण गुण हैं इसलिए सदैव अनुशासन व सयंम में रहकर उत्तम जीवन व्यतीत करना चाहिए। इस कार्यक्रम में अजीत सिंह और स्माइल को मिस्टर और मिस ईव चुना गया, योगेश और रितिका को मिस्टर और मिस फेयरवेल चुना गया। डॉ. मंजू राठी, मिसेज प्रीतपाल और डॉ. सरबन ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई।


सिरसा। विभिन्न खिताबों से नवाजे गए विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए।

# पैमेंट भेजने के नाम पर महिला से साइबर ठगों रुपये ऐंठे

**फतेहाबाद।** पंजाब में हैल्थ विभाग में कार्यरत जिले की एक महिला के साइबर ठगी का शिकार होने का मामला सामने आया हैं। पैमेंट भेजने के नाम पर ठगों ने महिला के अकाउंट से हजारों रुपये निकाल लिए। महिला को जब अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाई। इसके बाद अब साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने धोखाधड़ी बारे केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव माजरा निवासी रीना रानी ने कहा है कि वह हैल्थ विभाग में पंजाब के गांव शेरगढ़ में बतौर हैल्पर काम करती है। कुछ दिन पहले जब वह घर पर काम कर रही थी तो उसके मोबाइल पर एक कॉल आया। फोन करने वाले ने कहा कि उसके भाई अमनदीप ने उसे उसका नंबर देकर पैमेंट करने के लिए कहा है। इसके बाद उसके नंबर पर 6800 रुपये के लिए पैमेंट का मैसेज आया। उक्त व्यक्ति ने उसे मैसेज पर ओके करने को कहा। जैसे ही उसने मैसेज को ओके किया तो उसके बैंक खाते से 6800 रुपये कट गए। इसके बाद फोन करने वाले ने कहा कि उसने ओके नहीं करना था, इस कारण उसके पास 6800 रुपये आ गए हैं। इसके बाद युवक ने उसे बार-बार मैसेज करने लगा और बैलेंस चैक करने को कहा। जब उसने बैलेंस को चेक किया तो पाया कि खाते से 71 हजार 750 रुपये कट चुके थे।

# गैर कानूनी धंधा करने वालों के खिलाफ हो कार्रवाई: एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने जिला के सभी डीएसपी, थाना प्रभारियों, सीआईए व नारकोटिक्स सेल की पुलिस टीमों को आवश्यक दिशानिर्देश देते हुए कहा है कि आमजन का सहयोग लेकर नशे के सौदागरों व गैर कानूनी धंधा करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में और तेजी लाएं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि विभिन्न अपराधिक वारदातों में पकड़े गए लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए अदालत में भी उनके खिलाफ बेहतर ढंग से पैरवी करें ताकि अपराध करने वाला व्यक्ति किसी भी सूरत में सजा से न बच पाएं। उन्होंने निर्देश दिए है कि संपति विरुद्ध अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत महत्वपूर्ण सूराग जुटाकर अनसुलझे मामलों को शीघ्र निपटाएं तथा विभिन्न मामलों में वांछित आरोपियों को भी शीघ्र गिरफ्तार करें। पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि विभिन्न मामलों में वांछित भगौड़ों की धरपकड़ तेज करें तथा आदतन अपराधियों की हिस्ट्री शीट खोलें तथा चैक कर उनकी गतिविधियों पर पैनी नजर रखें।

### शिकायतों को निश्चित समय में निपटाएं

एसपी ने सभी थाना प्रभारियों से कहा है कि पीएम विंडो, सीएम विंडो व हर समय पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का निश्चित समय अवधि में निपटारा कर सही समय पर जबाव भेजे तथा थाना में आए फरियादियों की गंभीरता से फरियाद सुन कर शीघ्र अति शीघ्र न्याय दिलवाएं ताकि पीड़ित व्यक्ति अपने आप को सुरक्षित समझें। पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि हर सप्ताह सभी थाना प्रभारियों के कामकाज की समीक्षा होगी। उन्होंने कहा कि सराहनीय कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया जाएगा,परंतु काम में लापरवाही व कोताही किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं की जाएगी।

**प्रतिभा** भिवानी के वैश्य कॉलेज में राज्य स्तरीय महोत्सव में दिखाई प्रतिभा

# 'अभिव्यंजना' में छाए एमएम कॉलेज के विद्यार्थी, जीती ओवरआल ट्राफी

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय की कुलपति सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

मनोहर मैमोरियल कॉलेज के विद्यार्थियों ने वैश्य कॉलेज भिवानी में हुए राज्य स्तरीय महोत्सव 'अभिव्यंजना' में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए शानदार प्रदर्शन किया है। कॉलेज के संगीत और फाइन आर्ट्स विभाग के विद्यार्थियों ने इस महोत्सव में ओवर आल ट्रॉफी जीतकर कॉलेज का नाम रोशन किया। कार्यक्रम में हरियाणा के महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय भिवानी की कुलपति डॉ. दीप्ति धर्मानी द्वारा सम्मानित किया गया। ट्राफी जीतकर आज महाविद्यालय पहुंचे इन विद्यार्थियों का प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास व स्टाफ सदस्यों ने स्वागत किया और उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



फतेहाबाद। एमएम कॉलेज में विजेता विद्यार्थियों का स्वागत करते प्राचार्य व स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### संगीत व फाइन आर्ट्स के छात्रों ने दी शानदार प्रस्तुतियां

संगीत विभागाध्यक्ष डॉ. सीमा शर्मा ने बताया कि इस राज्य स्तरीय महोत्सव में एमएम कॉलेज के संगीत व फाइन आर्ट्स के विद्यार्थियों द्वारा अपनी शानदार प्रस्तुतियां दी गई। इसमें संगीत विभाग से बीए प्रथम वर्ष की छात्रा रचना और एमए प्रथम वर्ष के छात्र दीपक ने गायन प्रतियोगिता में भाग लिया और क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त कर ओवर ऑल ट्राफी पर कब्जा किया। इसके अलावा फाइन आर्टस से भी विद्यार्थियों द्वारा रंगोली, पोस्टर मेकिंग, कोलाज की प्रस्तुतियों को भी भरपूर सराहना मिली। इनमें कॉलेज के विद्यार्थियों नमन, देसराज, प्रीति, शालू, कोमल व मोनिका ने भाग लिया था। महाविद्यालय पहुंचने पर प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास व स्टाफ सदस्यों ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। शानदार प्रदर्शन पर एमएम एजुकेशन सोसायटी के प्रधान राजीव बत्रा, सचिव विनोद मेहता एडवोकेट व कार्यकारिणी सदस्यों ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया।